रजिस्ट्री सं. डी. (डी. एन.)—73

REGISTERED No. D.(D.N.)-73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 7] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी 12, 1983/माघ 23, 1904

No. 7] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 12, 1983/MAGHA 23, 1904

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं
Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)

गृह मंत्रालय

(भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय)

नई दिल्ली, 26 जनवरी, 1983

का० आ० 852—जनगणना अधिनियम, 1948 (1948 का 37) की धारा 4 की उपधारा (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह प्रशासन के मुख्य सचिव श्री जगदीश सागर को एतद्द्वारा 1981 की जनगणना के लिए अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में पदेन क्षमता में जनगणना कार्य निदेशक के पद पर नियुक्त करते हैं।

[सं० 11/98/79-प्रशा०-1]

पी० पद्मनाभा, भारत के महारजिस्ट्रार

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

(Office of the Registrar General, India)

New Delhi, the 28th January, 1983

S.O. 852.—In exercise of the powers conferred by Sub-Section (1) of Section 4 of the Census Act, 1948 (No 37 of 1948), the Central Government hereby appoints Shri Jagdish Sagar, Chief Secretary to the Andaman and Nicobar Islands Administration, as ex-officio Director of Census Operations, Andaman and Nicobar Islands, for the 1981 Census.

[No. 11/98/79-Ad. I]

P. PADMANABHA, Registrar General, India

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 24 जनवरी 1983

स्टाम्प

का० आ० 853—भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 (1899 का 2) की धारा 20 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत सरकार वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) की दिनांक 25 अक्तूबर, 1982 की अधिसूचना संख्या 34/82-स्टाम्प, फा० संख्या 33/1/82-बि० क० (स० का० आ० 3775) का अधिक्रमण करते हुए, केन्द्रीय सरकार नीचे दी गई सारणी के स्तम्भ (3) में, स्टाम्प शुल्क की संगणना के प्रयोजनार्थ उस सारणी के स्तम्भ (2) में तत्संबंधी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट विदेशी

मुद्रा को भारतीय मुद्रा में सम्परिवर्तित करने के लिए, विनिमय की दर निर्धारित करती है :—

सारणी

क्रम संख्या	विदेशी मुद्रा	100 रुपये के समतुल्य विदेशी मुद्रा के विनिमय की दर
(1)	(2)	(3)
1	आस्ट्रियन शिलिंग	170 40
2	आस्ट्रेलियन डालर	10 40
3	बेल्जियन फ्रैंक	469. 50
4	कनाडियन डालर	12. 495
5	डेनिश क्रोनर	85. 30
6	डूचे मार्क	24. 18
7	डच गिल्डर	26. 45
8	फ्रेंच फ्रैंक	68. 40
9	हांगकांग डालर	66. 15
10	इतालवी लीरा	13957
11	जापानी येन	2379
12	मलेशियन डालर	23. 70
13	नार्वेनियन क्रोनर	71. 75
14	पौंड स्टर्लिंग	6. 3430
15	स्वीडिश क्रोनर	74. 25
16	स्विस फ्रैंक	20. 29
17	अमरीकी डालर	10. 255
18	सिंगापुर डालर	21. 53

[संख्या 2/83-स्टाम्प-फा० संख्या 33/2/83-वि० क०]
भगवान दास, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 24th January, 1983

STAMPS

S. O. 853.— In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 20 of the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899) and in supersession of the notification of the Government of India in the Ministry of Finance (Department of Revenue) No. 34/82-Stamps F. No. 33/1/82-ST (No. S.O. 3775), dated the 25th October, 1982, the Central Government hereby prescribes in column (3) of the Table below, the rate of exchange for the conversion of the foreign currency specified in the corresponding entry in column (2) thereof into the currency of India for the purposes of calculating stamp-duty.

TABLE

S. No.	Foreign Currency	Rate of exchange of foreign currency equivalent to Rs. 100/-
(1)	(2)	(3)
1.	Austrian Schillings	170.40
2.	Australian Dollaras	10.40
3.	Belgian Francs	469.50
4.	Canadian Dollars	12.495
5.	Danish Kroners	85.30
6.	Deutsche Marks	24.18
7.	Dutch guilders	26.45
8.	French Francs	68.40
9.	Hong Kong Dollars	66.15
10.	Italian Lire	13957
11.	Japanese Yen	2379
12.	Malayasian Dollars	23.70
13.	Norwegian Kroners	71.75
14.	Pound Sterling	6.3430
15.	Swedish Kroners	74.25
16.	Swiss Francs	20.29
17.	U.S.A. Dollars	10.255
18.	Singapore Dollars	21.53

[No. 2/83-Stamps F. No. 33/2/83-ST]
BHAGWAN DAS, Under Secy.

नई दिल्ली, 2 फरवरी, 1983

का० आ० 854.—केन्द्रीय सरकार, तस्कर और विदेशी मुद्रा छल-साधक (सम्पत्ति समपहरण) अधिनियम, 1976 (1976 का 13) की धारा 12 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय विधि सेवा के अधिकारी और भारत सरकार के विधि कार्य विभाग के भूतपूर्व सचिव श्री पी० बी० वेंकटसुब्रह्मण्यन को समपहृत सम्पत्ति अपील अधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त करती है ।

[सं० 3/83/फा० सं० 22/22/82-प्रशा० 1(ग)]
सी० एल० खन्ना, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 2nd February, 1983

S.O. 854.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 12 of the Smugglers and Foreign Exchange Manipulators (Forfeiture of Property) Act, 1976 (13 of 1976), the Central Government hereby appoints Shri P. B. Venkatasubramanian, an officer of the Indian Legal Service and formerly Secretary to the Government of India, Department of Legal Affairs, as Chairman, Appellate Tribunal for Forfeited Property.

[No. 3|83|F. No. 22|22|82-Ad. I(C)]
C. L. KHANNA, Desk Officer

(आर्थिक कार्य विभाग)

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 12 जनवरी, 1983

का० आ० 855:—प्रादेशिक ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 (1976 का 21) की धारा (3) की उप धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा यह अधिसूचित करती है कि भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, बैंकिंग प्रभाग के का० आ० संख्या 51(ई), 52(ई) और 53 (ई) (संख्या एफ० 1-30/80-आर० आर० बी० (1) एफ० 1 30/82-आर० आर० बी० (ii) और एफ० 1-30/80-आर० आर० बी० (iii) दिनांक 25-1-1982 की अधिसूचना द्वारा स्थापित कार्यी एन० सी० ग्रामीण बैंक का नाम लंगपी देहंगी ग्रामीण बैंक होगा ।

[संख्या एफ० 1-30/80 -आर० आर० बी०]
दिनेश चन्द्र, निदेशक

(Department of Economic Affairs)

(Banking Divisions)

New Delhi, the 12th January, 1983

S.O. 855.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section (3) of the Regional Rural Banks Act, 1976 (21 of 1976) the Central Government hereby notifies that the name of Karbi N. C. Rural Bank established vide Notifications of the Government of India in the Ministry of Finance Department of Economic Affairs Banking Division S.O. Nos. 51(E), 52(E), and 53(E) (Nos. F. 1-30/80-RRB(I), F. 1-30/80-RRB(I) and F. 1-30/80-RRB(III) dated the 25-1-1982) shall stand changed to Langpi Dehangi Rural Bank.

[No. F. 1-30/80-RRB]
DINESH CHANDRA, Director

नई दिल्ली, 29 जनवरी, 1983

का० आ० 856.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर एतद्द्वारा घोषणा करती है कि—(क) उक्त अधिनियम की धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (ग) के उपखण्ड (i) और (ii) के उपबंध, इस अधिसूचना की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए इलाहाबाद बैंक पर उस सीमा तक लागू नहीं होंगे जहां तक कि उक्त उपबंध इसके अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक पर भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम लिमिटेड जोकि कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के अंतर्गत एक पंजीकृत कम्पनी है, के निदेशक बनने पर प्रतिबंध लगाते हैं और (ख) उक्त अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (3) के उपबंध इस अधिसूचना की तारीख से एक वर्ष की अवधि के वास्ते उपर्युक्त बैंक पर उस सीमा तक लागू नहीं होंगे, जहां तक ये उपबंध भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम लिमिटेड में इसके शेयरों की धारिता पर प्रतिबंध लगाते हैं।

[संख्या 15/31/82-बी० ओ०-3]
एल० आर० कटारिया, अवर सचिव

New Delhi, the 29th January, 1983

S.O. 856.—In exercise of the powers conferred by Section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949) the Central Government on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares—(a) that the provisions of sub-clauses (i) and (ii) of clause (c) of sub-section (1) of Section 10 of the said Act shall not apply for a period of one year from the date of the notification to Allahabad Bank insofar as the said provisions prohibit its Chairman and Managing Director from being the Director of the Industrial Reconstruction Corporation of India Ltd., being a company registered under the Companies Act, 1956 (1 of 1956), and (b) that the provisions of sub-section (3) of Section 19 of the said Act shall not apply for a period of one year from the date of the notification to the above bank insofar as the said provisions prohibit it from holding shares in the Industrial Reconstruction Corporation of India Ltd.

[No. 15/31/82-B. O. III]
L. R. KATARIA, Under Secy.

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमाशुल्क बोर्ड

नई दिल्ली, 12 फरवरी, 1983

सं. 18/83-सीमाशुल्क

का. आ. 857.—केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमाशुल्क बोर्ड सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) की धारा 9 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग हुए कर्नाटक राज्य के तुमकुर जिले में हिरेहाली औद्योगिक क्षेत्र को भाण्डागारण केन्द्र के रूप में घोषित करता है।

[फा. सं. 473/22/82-सीमाशुल्क-7]

CENTRAL BOARD OF EXCISE AND CUSTOMS

New Delhi, the 12th February, 1983

NO. 18/83-CUSTOMS

S.O. 857.—In exercise of the powers conferred by section 9 of the Customs Act, 1962 (52 of 1962), the Central Board of Excise and Customs hereby declares Hirehalli Industrial Area, District Tumkur in the State of Karnataka to be a warehousing station.

[F. No. 473/22/83-Cus-VII]

सं. 19/83-सीमाशुल्क

का. आ. 858.—केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क और सीमा-शुल्क बोर्ड, सीमाशुल्क अधिनियम, 1962(1962 का 52) की धारा 9 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पश्चिम बंगाल राज्य के 24 परगना जिले में नईहारी को भाण्डागारण केन्द्र के रूप में घोषित करता है।

[फा. सं. 473/36/83-सी. शुल्क-7]
एन. के. कपूर, अवर सचिव

No. 19/83-CUSTOMS

S.O. 858.—In exercise of the powers conferred by section 9 of the Customs Act, 1962 (52 of 1962), the Central Board of Excise and Customs hereby declares Naihati in 24-Parganas District in the State of West Bengal to be a warehousing station.

[F. No. 473/36/83-CUS.VII]
N. K. KAPUR, Under Secy.

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समाहर्तालयः मध्यप्रदेश

अधिसूचना सं० 16/82

इंदौर, 24 जनवरी, 1983

का० आ० 859.—मध्य प्रदेश समाहर्तालय, इंदौर के सर्वश्री एच० एस० माहत्मे एवं बी० आर०, काने, अधीक्षक, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समूह 'ब' निवर्तन की आयु प्राप्त करने पर 31-12-82 के अपराह्न से शासकीय सेवा से निवृत्त हुए।

[फ०सं० II(3)9-गोप/82/121]

CENTRAL EXCISE COLLECTORATE : M. P.

NOTIFICATION No. 16/82

Indore, the 24th January, 1983

S.O. 859.—S/Shri H. S. Mahatme and B. R. Kane, Superintendents, Central Excise, Group 'B' of Madhya Pradesh Collectorate, Indore, having attained the age of superannuation have retired from Government service in the afternoon of 31st December, 1982.

[C. No. II(3)9-Con/82/719]

अधिसूचना सं० 17/82

का० आ० 860.—अधीक्षक, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समूह 'ब' के पद पर पदोन्नति होने पर निम्नलिखित निरीक्षकों, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क

(प० श्रे०) ने उनके नाम के आगे दर्शाई तिथियों को अधीक्षक, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समूह 'ख' के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

क्रम सं०	अधिकारी का नाम	तैनाती स्थान	कार्यभार ग्रहण करने की तिथि
1.	यू० एस० भट्ट	अधीक्षक (लेखा परीक्षा) कें०उ०शु०मुख्या० इंदौर	29-11-82 (अपराह्न)
2.	एन०एस० कोल्हे	अधीक्षक कें०उ०शु०दमोह 1, दमोह रेंज	22-11-82 (पूर्वाह्न)
3.	वी०टी० लुकाचन	अधीक्षक, के०उ०शु० रेंज-4, सागर	29-11-82 (पूर्वाह्न)
4.	एच०जी० शेंडे	अधीक्षक (निवारक) कें०उ०शु०रायपुर, प्र भाग रायपुर	6-1-83 (पूर्वाह्न)
5.	जी०एस० शर्मा	अधीक्षक, के०उ०शु०, रेंज-1 जबलपुर	31-12-82 (पूर्वाह्न)

[प०सं० II(3)9-गोप/82/122]
एस० के० धर, समाहर्ता

NOTIFICATION NO. 17/82

S.O. 860.—Consequent upon their promotion as Superintendent, Central Excise, Group 'B' the following Inspectors of Central Excise (S.G.), have assumed their charges as Superintendent, Central Excise, Group 'B' with effect from the dates as shown against them.

Sl. No.	Name of the Officer	Place of Posting	Date of assumption of charge
	S/Shri		
1.	U.S.Bhatt	Superintendent (Audit), C. Ex. Hqrs. Office, Indore.	29-11-82 (A.N.).
2.	N.S. Kolhe	Superintendent, C. Ex. Range-I, Damoh.	22-1-82 (F.N.)
3.	V.T. Lukachan	Superintendent, C. Ex. Range-IV, Sagar.	29-11-82 (F.N.)
4.	H.G. Shende	Superintendent (Prev)., C. Ex. Divisional Office, Raipur.	6-1-83 (F.N.)
5.	G.S. Sharma	Superintendent, C. Ex. Range-I, Jabalpur.	31-12-82 (F.N.)

[C. No. II(3)9-Con/82/718]

S.K. DHAR, Collector

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, 15 जनवरी, 1983

का० आ० 861.—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 3 के साथ पठित निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा दिनांक 1 जनवरी, 1983 की अधिसूचना सं० का० आ० 74 में संशोधन करते हुए, कु० रोमा मजुमदार, अपर सचिव, वाणिज्य मंत्रालय (वाणिज्य विभाग), नई दिल्ली, के स्थान पर श्री मणि नारायणस्वामी, अपर सचिव, वाणिज्य मंत्रालय को 15 जनवरी, 1983 से निर्यात निरीक्षण परिषद् का सदस्य नियुक्त करती है।

[फाईल नं० 3(94)/75-ई० आई० एण्ड ई० पी०]

MINISTRY OF COMMERCE

New Delhi, the 15th January, 1983

S.O. 861.—In exercise of the powers conferred by Section 3 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), read with Rules 3 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964, the Central Government in modification of Notification S. O. 74 dated 1st anuary, 1983 hereby appoints Shri Mani Narayanswami, Additional Secretary, Ministry of Commerce as Member of the Export Inspection Council with effect from the 15th January, 1983 vice Kum. Roma Majumdar, Additional Secretary, Ministry of Commerce, (Deptt. of Commerce) New Delhi.

[F. No. 3(94)/75-EI&EP]

आदेश

नई दिल्ली, 12 फरवरी, 1983

का० आ० 862.—भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना सं० का० आ० 455 तारीख 5 फरवरी, 1977 को उन बातों के सिवाय जिन्हें किया गया है या करने का लोप किया गया है को अधिक्रान्त करते हुए भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए डिब्बाबंद मछली तथा मछली उत्पादों का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण करने के लिए कतिपय प्रस्ताव निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम, 11 के उप-नियम (2) की अपेक्षानुसार, भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के आदेश सं० का० आ० 2288 तारीख 26 जून, 1982 के अधीन भारत के राजपत्र, भाग 2 खंड 3, उपखंड (ii) तारीख 19 जून, 1982 में प्रकाशित किए गए थे;

और उन सभी व्यक्तियों से जिनके इससे प्रभावित होने की संभावना थी उक्त आदेश के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर आक्षेप और सुझाव मांगे गए थे;

और उक्त राजपत्र की प्रतियां जनता को 12 जुलाई, 1982 को उपलब्ध करा दी गयी थी;

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रारूप पर जनता से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर विचार कर लिया है :

अतः केन्द्रीय सरकार निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निर्यात निरीक्षण परिषद् से परामर्श करने के पश्चात् अपनी यह राय होने पर कि भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए ऐसा करना आवश्यक तथा समीचीन है, इसके द्वारा :—

(1) अधिसूचित करती है कि डिब्बाबंद मछली तथा मछली उत्पादों का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण किया जाएगा;

(2) डिब्बा-बंद मछली तथा मछली उत्पादों का निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1982 के अनुसार क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के प्रकार को निरीक्षण के ऐसे प्रकार के रूप में विनिर्दिष्ट करती है जो निर्यात से पूर्व ऐसे डिब्बा-बंद मछली तथा मछली उत्पादों को लागू होगा;

(3) इस आदेश के उपाबंध में दिए गए विनिर्देशों को डिब्बाबंद मछली तथा मछली उत्पादों के लिए मानक विनिर्देशों के रूप में मान्यता देती है,

(4) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के अनुक्रम में डिब्बा-बंद मछली तथा मछली उत्पादों के निर्यात को तब तक प्रतिषिद्ध करती है जब तक कि उनके साथ निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित या मान्यता प्राप्त किसी भी अभिकरण द्वारा जारी किया गया इस आशय का प्रमाण-पत्र न हो कि ऐसे डिब्बा-बंद मछली तथा मछली उत्पाद मानक विनिर्देशों के अनुरूप है तथा निर्यात योग्य है,

2. इस आदेश की कोई भी बात भावी क्रेताओं को भूमि समुद्र या या वायु मार्ग द्वारा निर्यात किए गए डिब्बाबंद मछली तथा मछली उत्पादों के ऐसे नमूनों को लागू नहीं होगी जिसका मूल्य किसी भी समय 1000/- रुपए नमूनों के प्रति परेषण से अधिक नहीं है।

3. इस आदेश में डिब्बा-बंद मछली तथा मछली उत्पाद से वायुरुद्ध सीलबंद डिब्बों में पैक निम्नलिखित मछली उत्पाद अभिप्रेत है, अर्थात् —

(1) लवण-जल में या अन्तर्राष्ट्रीय रूप में अनुमोदित अन्य किसी माध्यम से या किसी पैक में डिब्बा-बंद किए गए सभी प्रकार के झींगे/श्रिम्प।

(2) केकड़ा जैसे साइलसेरेटा, पोर्टोनस पालाजिकस, नैप्टूनस, पालिजिकस तथा नैप्टूनस सैंग्विनोलेंटस से प्राप्त लवण में या अन्तर्राष्ट्रीय रूप से अनुमोदित किसी अन्य माध्यम से डिब्बा-बंद किया गया केकड़े का मांस।

[सं० 6(4)/80-ई० आई० एण्ड ई० पी०)]

Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government after consulting the Export Inspection Council, being of opinion that it is necessary and expedient so to do for the development of the export trade of India hereby—

(1) notifies that Canned Fish and Fishery Products shall be subjected to Quality Control and Inspection prior to export;

(2) specifies the type of Quality Control and Inspection in accordance with the export of Canned Fish and Fishery products (Quality Control and Inspection) Rules, 1983 as the type of inspection which shall be applied to such Canned Fish and Fishery products prior to their export;

(3) recognises the specifications as set out in the Annexure to this order as the standard specifications for Canned Fish and Fishery Products;

(4) prohibits the export in the course of international trade of such Canned Fish and Fishery Products unless the same are accompanied by certificate of inspection issued by an Agency established or recognised by the Central Government under Section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963) to the effect that such Canned Fish and Fishery Products conform to the standard specifications and are exportworthy;

2. Nothing in this Order shall apply to the export by land, sea or air of samples of Canned Fish and Fishery Products to prospective buyers, the value of which does not exceed Rs. 1000 per consignment of samples at any time.

3. In this order Canned Fish and Fishery Products shall mean the following fishery products packed in the hermetically sealed containers, namely ;

(1) All types of prawns/shrimps canned either in brine or any other internationally approved medium or any pack.

(2) Crab meat canned either in brine or any other internationally approved medium, the meat having been obtained from crabs like Scylla serrata, Portunus pelagicus, Neptunus pelagicus and Neptunus sanguinolentus.

[No. 6(4)/80-EI&EP]

ORDER

New Delhi, the 12th February, 1983

S.O. 862.—Whereas for the development of the export trade of India certain proposals for subjecting Canned Fish and fishery products to Quality Control and Inspection prior to export, in supersession of the Notification of the Government of India in the Ministry of Commerce No. S.O. 455 dated the 5th February, 1977, except in respect of things done or ommitted to be done, were published as required by sub-rule (2) of rule 11 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964, in the Gazette of India Part II—section 3—sub-section (ii), dated the 19th June, 1982 under the Order of the Government of India in the Ministry of Commerce No. S.O. 2288, dated the 26th June, 1982;

And whereas objections and suggestions were invited within 45 days from the date of publication of the said Order from the persons likely to be affected thereby;

And whereas copies of the said Gazette were made available to the public on the 12th July, 1982;

And whereas the objections and suggestions received from the public on the said draft have been considered by the Central Government;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 6 of the Export (Quality Control and Inspection)

का० आ० 363.—केन्द्रीय सरकार निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना सं० का० आ० 456, तारीख 5 फरवरी, 1977 में उन बातों के सिवाय अधिक्रान्त करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण के पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ . (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम डिब्बा-बंद मछली तथा मछली उत्पाद निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1983 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2 परिभाषाएं : इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) 'अधिनियम' से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है;

(ख) 'अभिकरण' से अधिनियम की धारा 7 के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण अभिकरणों में से कोई एक अभिकरण अभिप्रेत है,

(ग) 'डिब्बा-बंद मछली तथा मछली उत्पादों' से अभिप्रेत है,--

1. लवण जल में या अन्तराष्ट्रीय रूप से अनुमोदित किसी अन्य माध्यम से डिब्बा-बंद की गई या शुष्क पैकेजों में सभी प्रकार के झींगे/प्रिम्प ।

2. केकड़ा जैसे माइलासेरेटा, पोटेनिस पेलजिकस तथा नैप्टनस पलाजिकस सैम्निनोलेन्टस से प्राप्त लवण जल में या अन्तर्राष्ट्रीय रूप से अनुमोदित किसी अन्य माध्यम से डिब्बा-बंद किया गया केकड़े का मांस ।

3. क्वालिटी नियंत्रण : निर्यात के लिए आशयित डिब्बा-बंद मछली तथा मछली उत्पादों का क्वालिटी नियंत्रण इस दृष्टि से किया जाएगा कि क्या वे प्रसंस्करण विभिन्न प्रक्रमों पर नियंत्रण के स्तरों के साथ जैसे इन नियमों से संलग्न अनुसूची-1 में दिए गए हैं निम्नलिखित 3.1 और 3.2 की अपेक्षाओं को प्रभावी करते हुए, अधिनियम की धारा 6 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विनिर्देशों के अनुरूप है।

3.1 प्रसंस्करण यूनिटों के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं : वातावरण, सन्निर्माण और अभिन्यास : डिब्बा-बंदशालाएं और आसपास के क्षेत्र ऐसे होने चाहिएं कि उन्हें आपत्तिजनक गंध, धुएं, धूल, और अन्य संदूषणों से मुक्त रखा जा सके डिब्बा बंद करने वाले यूनिटों के आसपास कोई दलदल, कूड़े का ढेर या पशुओं के रखने के लिए स्थान नहीं होने चाहिए जिससे कोई स्वच्छता संबंधी समस्या उत्पन्न हो। प्रसंस्करण क्षेत्र के सभी निकटतम पहुंच मार्गों पर जो प्रसंस्करणकर्ता के वास्तविक नियंत्रण में हैं, इस रीति से कंकरीट, तारकोल बिछाया जाना चाहिए या घास उगाई जानी चाहिए कि वायु से धूल न उड़े और अन्य संदूषण न हों। इमारत, उपस्करों या कर्मचारियों की भीड़ न होने देने के लिए पर्याप्त आकार की होनी चाहिए उसकी/उनकी संरचना अच्छी होनी चाहिए जिससे कि कीटों, पक्षियों या अन्य प्रकार के पीड़क जन्तुओं के प्रवेश को रोका जा सके तथा सफाई अच्छी प्रकार और आसानी से की जा सके। कच्ची सामग्री भण्डार गृह क्षेत्र में प्रवेश के लिए नायलॉन या तार की जाली वाले दोहरे द्वार होने चाहिए प्रसंस्करण यूनिट किसी स्थायी भवन में होगा, जहां हवा से उड़कर आने वाली धूल और वर्षा जैसे जलवायु संबंधी सामान्य संकटों से पर्याप्त संरक्षण रहे। विभिन्न अनुभागों का अभिन्यास इस ढंग से किया जाएगा कि कार्य सुचारु रूप से चल सके और प्रसंस्करण पूर्व अनुभाग से संभव संदूषण का रोकना सुकर हो। वह क्षेत्र जहां कच्ची सामग्री प्राप्त और भण्डारित की जाती है उस क्षेत्र से पृथक रखा जाएगा जहां उत्पाद अन्तिम रूप से तैयार किया जाता है या पैक किया जाता है जिससे परिरुपित तैयार उत्पाद को जीवाणु संदूषणों से बचाया जा सके। खाद्य उत्पादों के भण्डारकरण के लिए उपयोग में लाए जाने वाले क्षेत्र और कक्ष उन क्षेत्रों से पृथक और सुभिन्न होंगे जिनमें अखाद्य सामग्री रखी जाती है। जिस क्षेत्र में खाद्य सामग्री को उठाया-धरा जाता है वह क्षेत्र, निवासीय प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त क्षेत्रों से पूर्णतः पृथक होगा। प्रत्येक प्रवेश द्वार पर पैर धोने के लिए न्यूनतम 1.5 मीटर + 1.2 मीटर धुलाई गत रोगाणुनाशक जल सहित तथा और हाथ धोने के लिए रोगाणुरोधक घोल सहित एक धावन-पात्र होना चाहिए।

छत, दीवार और फर्श : छत का डिजाइन और बनावट ऐसी होनी चाहिए कि गंदगी के इकट्ठा होने, वाष्प के संघनन और कवकों को आश्रय मिलना रोका जा सके तथा उसकी आसानी से सफाई की जा सके। छत की ऊंचाई कम से कम 4 मीटर (13 फुट) होनी चाहिए उसमें दरारें और खुले जोड़ नहीं होने चाहिए तथा वह चिकनी जलसह और हल्के रंग की फिनिश वाली होनी चाहिए। डिब्बा बंदशाला (कैनरी) की भीतरी दीवारें चिकनी, जलसह, गड्ढों और दरारों से मुक्त हल्के रंग वाली होंगी, जिन्हें कम से कम 1.3 मीटर ऊंचाई तक आसानी से धोया जा सके। दीवार से दीवार के और दीवार से फर्श के जोड़ों में ऐसी गोलाई होनी चाहिए कि सफाई आसानी से की जा सके। दीवार में कोई निकला हुआ भाग होना चाहिए तथा सभी पाइप और केबिल, जहां कहीं आवश्यक हों, अच्छी प्रकार से ढके होने चाहिए। फर्श मजबूत, जलसह, अविशोषक अवयवों और असंक्षारणीय सामग्री से बनाए जाएंगे जिन्हें आसानी से साफ और विसंक्रमित किया जा सके। वे फिसलन तथा दरारों से मुक्त होंगे और उनकी ढलान समतल और पानी बाहर निकालने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए।

मक्खीसह करना, पीड़क जन्तुओं और पशुओं पर नियंत्रण : प्रसंस्करण क्षेत्र में मक्खीसह करने के लिए प्रभावशाली व्यवस्था की जाएगी और प्रसंस्करण क्षेत्र में अन्य कीटों, कृन्तकों, पक्षियों, बिल्लियों, कुत्तों आदि के प्रवेश को रोकने के लिए अन्य उपयुक्त उपाय किए जाएंगे। प्रवेश तथा निकास द्वारों पर नायलॉन या तार की जाली लगी होगी तथा उनमें अधिमानतः दोहरे द्वार होंगे। सभी खिड़कियों पर धूल और मक्खियों को रोकने के लिए नायलॉन या तार की जाली लगी होगी।

प्रकाश और संवातन : सभी कार्य-क्षेत्रों में अच्छा प्रकाश होगा। प्रसंस्करण मेज के ऊपर या उत्पाद की तैयारी के किसी भी प्रक्रम पर बल्ब तथा फिक्सचर सीधे नहीं लटकाए जाएंगे। वे ऐसे सुरक्षित प्रकार के होंगे कि टूटने पर संदूषण से बचा जा सके। अत्यधिक ऊष्मा संघनन और घृणाजनक गंधा धूल, वाष्प या धुएं के संदूषण को रोकने के लिए परिसर पर्याप्त रूप से संवातित होंगे। अत्यधिक ऊष्मा, वाष्प धुआजनक धूम, वाष्प या संदूषण उत्पन्न करने वाले उपकरणों तथा क्षेत्रों में प्राकृतिक या यांत्रिक संवातन व्यवस्था द्वारा संवातन पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। संवातन द्वारों में परदा लगा होना चाहिए और यदि अपेक्षित हो तो उचित वायु फिल्टर लगे होने चाहिए। खिड़कियों पर भी, जो संवातन के प्रयोजनों के लिए खोली जाती है, परदे लगे होने चाहिए। परदे ऐसे होने चाहिए जो सफाई के लिए आसानी से उतारे जा सकें और वे संक्षारण प्रतिरोधी सामग्री से बने होने चाहिएं।

कार्य करने के लिए मेजें और बर्तन : डिब्बा-बंद मछली उत्पादों के प्रसंस्करण के दौरान उपयोग की जाने वाली सभी मेजें, कार्य सतह, पात्र, ट्रे, टैंक या अन्य बर्तन, चिकने अप्रवेश्य अविशोषक सामग्री के होंगे, जो जंगरोधी होंगे तथा इस प्रकार की बनावट के होंगे कि जिससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी स्तरों से बचाया जा सके और उन्हें आसानी से अच्छी तरह साफ किया जा सके। खाद्य वस्तुओं के सम्पर्क में आने वाली सभी सतह चिकनी होंगी तथा गढ्ढों, दरारों, मनुष्य के लिए हानिकारक पदार्थों से मुक्त होंगी और ऐसी होंगी कि उनकी बारबार सफाई की जा सके और उन्हें विसंक्रमित किया जा सके। मछली उत्पादों को रखने के लिए प्रयोग किए गए पात्र अधिमानतः प्लास्टिक या जंगरोधी सामग्री के बने होंगे। प्रसंस्करण क्षेत्रों में लकड़ी की टोकरियां, खपची से बनी टोकरियों और इनेमल किए हुए बर्तनों का प्रयोग नहीं किया जाएगा। मेज की सतह स्टेनलेस इस्पात या एल्यूमिनियम की होंगी और चिकनी तथा गढ्ढों और दरारों से मुक्त होंगी। कार्य मेजों का व्यवस्था इस प्रकार की जाएगी कि कार्य सुगमता से किया जा सके और उनके नीचे तथा आसपास सफाई आसानी से की जा सके। प्रसंस्करण हाल में जंग वाली किसी मद का प्रयोग नहीं किया जाएगा।

सामग्री धोने वाली टैंकों का डिजाइन इस प्रकार का होगा कि पानी उनसे सभी स्थानों पर जा सके और पानी को लगातार बदला जा सके तथा उनमें जल निस्सारण और आसानी से सफाई करने की व्यवस्था हो। अखाद्य तथा संदूषित सामग्री के लिए प्रयुक्त बर्तनों की पहचान उन्हें विनिर्दिष्ट रंग से पेंट करके की जाएगी और उनका खाद्य वस्तुओं की उठाई-धराई के लिए प्रयोग नहीं किया जाएगा। प्रसंस्करण क्रिया के दौरान कार्य क्षेत्रों से अपशिष्ट सामग्री बारबार हटाने के लिए पर्याप्त पात्रों की व्यवस्था की जाएगी।

उपस्कर और मशीनें : मशीनों और उपस्करों का डिजाइन इस प्रकार का होगा कि जिससे उन्हें रोगाणुनाशी करने के लिए तथा उनकी अच्छी

तरह से साफ करने और विसंक्रमित करने के लिए आसानी से खोला जा सके । स्थिर उपस्कर ऐसी रीति से लगाए जाएंगे कि उन तक आसान से पहुंच हो सके और उन्हें अच्छी तरह से साफ किया जा सके तथा उन्हें विसंक्रमित किया जा सके । प्रत्येक डिब्बा-बंद शाला में निम्नलिखित उपस्कर और मशीनें पर्याप्त मात्रा में लगाई जाएंगी :-

(क) अच्छी कारगर दशा में रखी गई स्वचालित या अर्धस्वचालित प्रकार की दोहरी सीमन मशीनें या सीमन मशीन ,

(ख) (क) थर्मामीटर (ख) दाबमेज (ग) संघातन वाल्व और

(घ) सुरक्षा वाल्व से सुसज्जित रिटॉर्ट

(ग) संवातक पद्धति सहित निकास कक्ष, या कोई अन्य उपयुक्त वैकल्पिक इंतजाम,

(घ) मानक तौलन मशीनें और बाट

(ङ) टैंक तथा इस्पात से बने सम्बद्ध बर्तन ;

(च) एक लाइन में कम से कम 5 अंक उत्तीर्ण करने की क्षमता वाली कोड उत्कीर्ण मशीनें ;

(छ) धौतलत टैंक ;

(ज) एक ही समय में सभी सामान्य क्रियाओं के लिए वाष्प प्रदाय करने वाले उपयुक्त प्रकार और क्षमता के बायलर तथा उपसाधन : तथा वाष्प ले जाने वाली सभी पाइप उपयुक्ततः ऊष्मा रोधी /सुरक्षित होंगी ।

(झ) सीवन दोष, पी एच, क्षारापन , नियॉन ,उपलब्ध क्लोरीन आदि का नेमी परीक्षण करने के लिए परीक्षण सुविधाएं और ;

(ट) तैयार डिब्बों को रखने वाली केटों को उठाने के लिए, जहां कहीं आवश्यक हो, यांत्रिक उत्थापक उपस्कर होंगे ।

भण्डारकरण और भण्डारगारण :

डिब्बे :—बंद करने वाली यूनिटों के पास डिब्बा-बंद उत्पादों के पृथक रूप से भण्डारकरण के लिए सुविधाएं होंगी । भण्डागार पर्याप्त क्षमता वाले होंगे और ऐसे होंगे कि भण्डारित उत्पाद को शुष्क और अत्यधिक तापमान से बचाकर रखा जा सके । इसे नमी से पर्याप्त रूप से बचाया जाएगा और बहुत साफ और स्वस्थ्यकर रूप में रखा जाएगा ।

सभी अपमार्जक और निसंक्रामक अलग-अलग भण्डारित किए जाएंगे पैकिंग सामग्री, अग्निशामक उपस्करों को छोड़कर विषाक्त पदार्थ जैसे कृन्तकनाशी, धूमक कीटनाशी या अन्य स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पदार्थों के भण्डार करने के लिए अलग से सुविधाएं होंगी। ये सभी पदार्थ और उपस्कर केवल प्रशिक्षित व्यक्तियों के द्वारा ही प्रयोग में लाए जाएंगे ।

जल और बर्फ :

सूक्ष्म जीवों की बढ़ोतरी को कम करने के लिए जल में अवशिष्ट क्लोरीन अंश को परिवर्तित करने के लिए क्लोरीनीकरण पद्धति का प्रयोग करते हुए, पेय जल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होगा । यदि प्रसंस्करण के लिए प्रयुक्त जल पेय के संरक्षित स्त्रोतों से भिन्न स्रोतों से है तो उसके पेय होने के बारे में प्रमाण-पत्र, अभिकरण या अभिकरण द्वारा अनुमोदित किसी संस्था से प्रस्तुत किया जाएगा । यदि बायलर या अन्य सहायक सेवाओं के लिए पीने के अयोग्य जल का प्रदाय किया जाता है तो सहायक जल वितरण पद्धति और पेय जल वाहन पद्धति के बीच कोई क्रास संबंधन नहीं होगा । यदि भण्डारण टंकी का पानी प्रयोग में लाया जाता है तो टंकी पर्याप्त क्षमता वाली होगी और उसे बाहरी संदूषणों से संरक्षित किया जाएगा । भण्डारण टंकी एक मास में कम से कम एक बार अच्छी तरह साफ की जाएगी । प्रसंस्करण के लिए प्रयुक्त जल में क्लोरिन का अंश कम से कम 3 पी० पी० एम० स्तर पर रखा जाएगा । बर्फ पेय जल से बनाई जाएगी और उसका विनिर्माण, उठाई-धराई तथा भंडारण इस प्रकार किया जाएगा कि उसे संदूषणों से बचाया जा सके । यदि बाहर की बनी हुई बर्फ का प्रयोग किया जाता है तो यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वह पेय जल से बनी हुई है और संदूषित नहीं है । बर्फ तोड़ने की मशीन का यदि प्रयोग किया जाता है तो उसे अच्छी साफ हालत में रखा जाएगा । बर्फ को संदूषण और अधिक पिघलने से बचाने के लिए एक विशेष कक्ष या अन्य उपयुक्त भंडार की सुविधा उपलब्ध होगी ।

सफाई संबंधी सुविधाएं और नियंत्रण :

प्रत्येक डिब्बे का, यह सुनिश्चित करने के लिए ध्यान पूर्वक निरीक्षण किया जाएगा कि वह टूटा नहीं है और उस में कोई कमी नहीं है । डिब्बे मछली उत्पाद पैक करने के लिए प्रयुक्त किए जाने से पूर्व 10 पी० पी० एम० उपलब्ध क्लोरीन अंश युक्त पेय जल से अच्छी तरह साफ किए जाएंगे ।

कार्य मेज़ों, ट्रे, बर्तनों और उपस्करों की धुलाई तथा विसंक्रामण .

प्रसंस्करण के दौरान प्रयुक्त कार्य मेज़ों, ट्रे, बर्तनों, कटिंग बोर्डों डिब्बों, उपस्करों और कार्य उपकरणों के विसंक्रामण तथा सफाई के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी बर्तन, ट्रे और मेज की सतह, जो पैक न किए हुए माल के सम्पर्क में आती है, प्रारंभ में साफ करने वाले उपयुक्त पदार्थ से साफ की जाएगी और अन्त में उपलब्ध 50 पी० पी० एम० क्लोरीन वाले जल से साफ की जाएगी । ऐसी सफाई और धुलाई आवश्यकतानुसार समय-समय पर की जाएगी ।

फर्श की धुलाई :

प्रसंस्करण हाल, दिन का कार्य आरम्भ करने से पहले एक बार साफ किया जाएगा और फिर प्रत्येक पारी के अंत में साफ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सफाई और धुलाई आवश्यकता अनुसार बारम्बार की जाएगी।

वहित मल तथा अपशिष्ट का निपटान :

तरल और अर्ध तरल अपशिष्ट को हटाने के लिए उपयुक्त तथा पर्याप्त जल निकास सुविधाएं होंगी । वहां फर्श का ऐसा कोई हिस्सा नहीं होगा जहां पानी इकट्ठा हो जाए और रुक जाए । नालियां चिकनी और अप्रवेश्य सामग्री से बनी होंगी तथा उनका डिजाइन इस प्रकार का होगा कि उनमें से तरल पदार्थ बह सके और उनमें अधिप्रवाह न हो और न वह नालियों के बाहर जा सके । खुली नालियों के सिवाए अपशिष्ट ले जाने वाली नालियां उचित रूप से संवातित होंगी और यदि अपेक्षित हो तो ठोस अपशिष्ट सामग्री के हटाने के लिए कैचबेसिन तक ले जाई जाएंगी। ऐसा बेसिन प्रसंस्करण क्षेत्र से बाहर स्थित होना चाहिए । और वह जल सह कंकरीट या अन्य उसी प्रकार की सामग्री का बना होना चाहिए। खुली नालियों के जो दीवारों में से होकर जाती हैं मुखों पर कृन्तकों के प्रवेश को रोकने के लिए धातु की जालियां लगाई जाएंगी। वाहित मल अपशिष्ट जल और कूड़े करकट के व्ययन के लिए यथाशीघ्र प्रबंध किया जाएगा और वह ऐसा होगा कि वह पड़ौस के लिए कोई सफाई संबंधी समस्या उत्पन्न न कर दें। शौच-स्थल के मल को इस ढंग से हटाया जाएगा कि उसमें मक्खियां न पहुंच सकें और यूनिटों के जल प्रदाय को प्रदूषित न करे । किसी भी दशा में परिसर में किसी भी प्रकार का अपशिष्ट या जल एकत्रित नहीं होना चाहिए ।

कारखाना परिसर से कुत्तों और पशुओं का अपवर्जन :

कुत्तों, बिल्लियों तथा अन्य पशुओं को जिनसे रोग पैदा हो सकते है प्रसंस्करण परिसर में न तो प्रवेश करने दिया जाएगा और न उन्हें उसमें या उसके आसपास रहने दिया जाएगा ।

शौच सुविधाएं :

साफ प्रकार की पर्याप्त शौच सुविधाएं दी जाएंगी । शौच स्थल में अपने आप बंद होने वाले द्वार और हाथ धोने का बेसिन और साबुन होगें । धुलाई के प्रयोजनों के लिए पेयजल प्रयुक्त किया जाएगा।

वैयक्तिक स्वास्थ्य और सफाई : संयंत्र का प्रबन्धतंत्र यह सुनिश्चित करेगा कि किसी भी ऐसे व्यक्ति को, जिसके बारे में यह ज्ञात है कि वह संक्रामक रोग का वाहक है या उससे पीड़ित है उसे एकक के किसी भी क्षेत्र में कार्य करने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी। ऐसे रोग का पता आसानी से लगाने के लिए प्रबंधक उन कर्मचारियों का जो एकक के किसी भी क्षेत्र में कार्यरत हैं, वर्ष में कम से कम एक बार स्वास्थ्य परीक्षण कराएगा।

डिब्बा—बंदीशाला में कार्य करने वाले सभी कर्मचारी कार्य करते समय अत्यधिक वैयक्तिक सफाई रखेंगे तथा मछली उत्पादों को अन्य पदार्थ के संदूषण से बचाने के लिए सभी सावधानियां बरतेंगे। प्रबन्धतंत्र सभी कर्मचारियों को उनके कार्य की प्रकृति के अनुसार साफ एप्रेन तथा सिर का पहनावा देगा। मछली उत्पादों की उठाई-धराई में प्रयुक्त दस्ताने साफ तथा स्वास्थ्यकर ढंग से रखे जाएंगे तथा अपारगम्य सामग्री के बने होंगे किन्तु उस दशा में नहीं जब इनका प्रयोग कार्य की मात्रा को देखते हुए अपूर्ण हो। कर्मचारी प्रत्येक दिन का कार्य आरम्भ करने से पूर्व और शौचालय जाने के पश्चात् प्रत्येक बार और कार्य पुनः आरम्भ करने से पूर्व तथा अन्य अवसरों पर भी, जो आवश्यक हों, अपने हाथ साबुन या किसी अन्य प्रक्षालक वस्तु और गर्म जल से धोएंगे। कर्मचारी प्रसंस्करण से प्रत्येक अनुपस्थिति के पश्चात् अपने पैर भी पेय जल से धोएंगे। उठाई-धराई तथा प्रसंस्करण के किसी भी क्षेत्र में खाना, धूम्रपान करना, तम्बाकू या कोई अन्य सामग्री चबाना, थूकना या उठाई-धराई तथा प्रसंस्करण के दौरान कोई अन्य आदत जो उत्पाद को संदूषित कर सकता है या जिससे उत्पाद के संदूषित होने की संभावना हो सकती है, कठोरता पूर्वक प्रतिषिद्ध होगी। जहां स्त्री और पुरुष दोनों नियोजित हों वहां पृथक-पृथक शौचागार, कपड़े बदलने का कक्ष और विश्राम कक्षों की सुविधाएं अलग-अलग होंगी। कार्य के घंटों के दौरान न पहने जाने वाले कपड़े और जूते प्रसंस्करण क्षेत्र में नहीं रखे जाएंगे।

परिवहन सुविधाएं —

जहां तक संभव हो कच्ची सामग्री केवल विद्युतरोधी/प्रशीतित वाहनों में लाई जाएगी। किन्तु, यदि कच्ची सामग्री को साधारण ट्रकों में ही लाया जाता है तो वह बंद वाहन में लाया जाएगा और कच्ची सामग्री को पर्याप्त बर्फ में रखा जाएगा। ऐसे वाहनों को उपयोग के तुरन्त पश्चात् साफ और विसंक्रमित किया जाएगा तथा इस तरह से रखा जाएगा कि वे उत्पाद को संदूषित करने का एक स्रोत न हो जाएं।

आवश्यक पात्रों तथा उपकरणों सहित वाहनों की सफाई नियमित रूप से की जाएगी। वाहनों की होजिंग, रगड़ाई और सफाई ऐसे समुद्री जल या पेय जल से की जाएगी जिसमें उचित अपमार्जक या विसंक्रामक मिलाए गए हों।

अभिलेखों का रखा जाना :

डिब्बा-बन्द मछली तथा मछली उत्पादों के प्रसंस्करण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए प्रसंस्करण कर्ता समय-समय पर विहित आवश्यक रजिस्टर और अभिलेख रखना और वे अभिकरण के अधिकारियों को, जब कभी अपेक्षित हों; उपलब्ध कराए जाएंगे। गेज, थर्मोमीटर, भार मापी वोल्ट मीटर भार आदि जैसे मापने वाले और अभिलेखन यंत्रों के अंश-शोधन के लिए तीन मास के कालिक अन्तराल पर विशेष अभिलेख रखे जाएंगे।

3.2 प्रसंस्करण एकक ऊपर खंड 3.1 में उल्लिखित अपेक्षाओं के अतिरिक्त अपने प्रसंस्करण एकक में निम्नलिखित अतिरिक्त सुविधाओं का भी प्रबंध कर सकता है

(क) प्रसंस्करण एकक में निर्यात के लिए आशयित डिब्बा बंद मछली तथा मछली उत्पादों का और जैवतात्विक मूल्यांकन करने के लिए तथा रसायन कारणों और जीवाणु विज्ञान के लिए परीक्षण करने के लिए प्रसंस्करण पूर्व तथा प्रसंस्करण सक्रियाओं के पर्यवेक्षण के लिए सक्षम और अर्हित कर्मचारी होंगे।

(ख) ऐसे कर्मचारियों के पास निम्नलिखित अर्हताओं में से कोई एक अर्हता होनी चाहिए :

(1) किसी विश्वविद्यालय के अधीन किसी मान्यता प्राप्त संस्था से मत्स्य विज्ञान/प्रसंस्करण में उपाधि/डिप्लोमा, या

(2) मछली तथा मछली उत्पादों के परीक्षण और विश्लेषण के कम से कम दो वर्ष के अनुभव के साथ विज्ञान में उपाधि।

(ग) एकक के पास, निर्यात के लिए आशयित डिब्बा-बंद मछली तथा मछली उत्पादों का विश्लेषण और परीक्षण करने के लिए सभी आवश्यक उपस्करों तथा रसायनों सहित अपनी प्रयोगशाला होगी।

(घ) एकक के पास प्रसंस्करण के लिए जो कच्ची सामग्री प्राप्त करने से आरम्भ होकर पैकिंग तक, अपना अनन्य और पृथक क्षेत्र होगा।

3.3 प्रसंस्करण एककों का अनुमोदन.

3.3.1. निर्यात के लिए डिब्बा-बंद मछली तथा मछली उत्पादों का प्रसंस्करण करने का इच्छुक प्रसंस्करणकर्ता, अपने ऐसा करने के आशय की लिखित रूप में सूचना अभिकरण के निकटतम कार्यालय को परिषद् द्वारा विहित प्ररूप में देगा। ऐसी सूचना के प्राप्त होने पर अभिकरण अधिकारी प्रसंस्करण एकक में उपलब्ध प्रसंस्करण सुविधाओं का अधिनिर्णय करने के लिए जाएंगे। यदि यह पाया जाता है कि एकक में वे न्यूनतम सुविधाएं जो इन नियमों में विहित हैं, विद्यमान है तो परिषद् द्वारा इस प्रयोजन के लिए गठित विशेषज्ञों का पैनल एकक में सुविधाओं की पर्याप्तता के विषय में अधिनिर्णय करेगा और आगे आवश्यक कार्रवाई के लिए वह अपने अनुमोदन या अननुमोदन की अभिकरण से सिफारिश करेगा। पैनल की सिफारिश प्राप्त होने के पन्द्रह दिन के भीतर अभिकरण या तो एकक को अनुमोदित करेगा और निर्यात के लिए डिब्बा-बंद मछली तथा मछली उत्पादों का प्रसंस्करण करने की अनुज्ञा दे देगा या उसे अनुमोदित नहीं करेगा और प्रसंस्करण कर्ता को, निर्यात के लिए डिब्बा-बंद मछली तथा मछली उत्पादों के प्रसंस्करण को अनुज्ञा नहीं देगा। अनुमोदन करने के पश्चात् अभिकरण अधिकारी ऐसे एकक में नियमित अन्तरालों पर यह सुनिश्चित करने के लिए जाएगा कि उसमें पैनल द्वारा अनुमोदित प्रबंध किए गए हैं। अभिकरण अधिकारी एकक में जीवाणु परीक्षण और प्रयोगशाला में जैवतात्विक परीक्षणों के लिए उन एककों से नमूने लेंगे जिनमें ऊपर स्तम्भ 3.2 के अन्तर्गत दिए गए प्रबंध हैं।

3.3.2. अनुमोदन.

यदि एकक को अनुमोदित नहीं किया जाता है तो पैनल अपने द्वारा अभिनिश्चित कमियों को बताते हुए, उसकी सूचना प्रसंस्करण कर्ता को लिखित रूप में देगा। पैनल द्वारा बताई गई कमियों को दूर करने के पश्चात् प्रसंस्करणकर्ता उन कमियों को दूर करने के बारे में ब्यौरेवार रिपोर्ट सहित एक नया आवेदन अभिकरण को प्रस्तुत करेगा। इस आवेदन की प्राप्ति पर अभिकरण ऊपर 3.3.1 में बताए गए कदम उठाएगा।

3.3.3. प्रसंस्करण एकक को किसी समय दिया गया अनुमोदन, अभिकरण के अधिकारियों द्वारा उपर्युक्त 3.2 के अधीन एककों की दशा में की गयी कालिक जांचों के दौरान लिए गए नमूनों की परीक्षण रिपोर्ट और इन कालिक जांचों के दौरान रिपोर्टों के आधार पर, प्रसंस्करण कर्ता द्वारा सूचना प्राप्ति की तारीख से 7 दिनों के पश्चात् सम्बंधित प्रसंस्करण-कर्ता को निम्नलिखित किसी भी कमी के लिए सूचना देते हुए वापस ले लिया जाएगा परन्तु यह तब जब कि प्रसंस्करण कर्ता ने इन 7 दिन के भीतर कोई उपचारी कदम न उठाए हों।

यदि प्रसंस्करण उपस्कर, मशीनरी और भंडारकरण सुविधाएं अच्छी कार्यकारी दशाओं में नहीं है,

यदि एकक की स्वच्छता और सफाई संबंधी दशाएं संतोषजनक नहीं है,

यदि प्रति जांच के लिए, लिए गए नमूने अधिकथित मानकों के अनुसार नहीं हैं;

यदि प्रसंस्करणकर्ता ने अधिसूचना के उपबंधों या समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों का उल्लंघन किया है या जानबूझकर उल्लंघन करने का प्रयत्न किया है। प्रसंस्करणकर्ता को ऊपर 3.2 की अतिरिक्त अपेक्षाओं के अधीन दिया गया अनुमोदन किसी भी समय निम्नलिखित कारणों से वापस ले लिया जाएगा;

यदि ऊपर उल्लिखित त्रुटियों में से कोई त्रुटि पाई जाती है,

यदि प्रसंस्करणकर्ता द्वारा निर्यात की गई डिब्बा-बंद मछली तथा मछली उत्पाद की क्वालिटी के विषय में विदेशी क्रेता से शिकायत प्राप्त होती है और जांच पड़ताल करने पर वह सही पायी जाती है,

यदि आयातकर्ता देश द्वारा डिब्बाबंद मछली तथा मछली उत्पाद के 2 परेषण निरंतर अस्वीकृत कर दिए जाते है। अनुमोदन को ऐसे वापस लिए जाने की सूचना प्रसंस्करणकर्ता को लिखित रूप में दी जाएगी।

3.4 पुनः अनुमोदन

जिस एकक का अनुमोदन वापिस ले लिया गया है वह कमियों को दूर करने के पश्चात् नये अनुमोदन के लिए अभिकरण को नये सिरे से आवेदन कर सकेगा। यदि किसी भी समय उपर्युक्त 3.3.3 में दिए गए कारणों से उत्पाद की अनुरूपता को विनिर्देशों के अनुरूप बनाए रखने में कठिनाई होती है या निर्यात के लिए उत्पादन निलंबित करने के अभिकरण द्वारा निर्देश दिए जाते है तो प्रसंस्करणकर्ता अभिकरण को सूचित करते हुए निर्यात के लिए उत्पादन निलंबित कर देगा। निर्यात के लिए प्रसंस्करण तभी पुनः आरम्भ किया जाएगा जब उसके लिए अभिकरण लिखित रूप में अनुमोदन दे देता है।

3.5. प्रसंस्करण

प्रसंस्करणकर्ता सक्षम तकनीकी कार्मिकों के पर्यवेक्षण में केवल अनुमोदित एककों ही प्रसंस्करण करेगा। प्रसंस्करण के लिए केवल ऐसी कच्ची सामग्री स्वीकृत की जाएगी जो ताजी, स्वच्छ, स्वास्थ्य प्रद, विशिष्ट आकृति, सुगंध, रंग तथा बनावट वाली होगी।

4 निरीक्षण :

निर्यात के लिए आशयित डिब्बा-बंद मछली तथा मछली उत्पादों का निरीक्षण इससे उपाबद्ध अनुसूची–II के अनुसार जहां कहीं आवश्यक हों, परेषण का परीक्षण और जांच करने के लिए उसमें से नमूने लेकर इस दृष्टि से किया जाएगा कि क्या परेषण अधिनियम की धारा 6 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त मानक विनिर्देशों के अनुरूप है।

5 निरीक्षण का आधार

निर्यात के लिए आशयित डिब्बा-बंद मछली तथा मछली उत्पादों का निरीक्षण इस दृष्टि से किया जाएगा कि क्या वे केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 6 के अधीन मान्यताप्राप्त विनिर्देशों के अनुरूप है, या तो,

(क) यह सुनिश्चित करके किया जाएगा कि विनिर्माण की प्रक्रिया के दौरान नियम 2 में विनिर्दिष्ट क्वालिटी नियंत्रण स्त्रों का प्रयोग किया गया है,

या

(ख) नियम 3 के उप-नियम 3.2 को छोड़कर नियम 3 और 4 के अनुसार किए गए निरीक्षण के आधार पर किया जाएगा,

या

(ग) दोनों के द्वारा किया जाएगा।

6. निरीक्षण और प्रमाणीकरण की प्रक्रिया :

6.1 डिब्बा-बन्द मछली तथा मछली उत्पादों को निर्यात करने का इच्छुक निर्यात-कर्ता निर्यात करने की सूचना विहित प्ररूप में, (परिशिष्ट 1 देखिए) निर्यात किए जाने वाले परेषण की विशिष्टियां देते हुए अभिकरण के निकटतम कार्यालय को देगा।

6.2 निरीक्षण के लिए क्रमशः नियम 5(क) तथा 5(ख) के अधीन दिए गए परेषणों की दशा में ऐसी प्रत्येक सूचना अभिकरण के कार्यालय में निर्यात-कर्ता के परिसर से भेजे जाने की प्रत्याशित तारीख से कम से कम 4 दिन और 15 दिन पूर्व पहुंच जाएगी।

6.3 नियम 6.1 के अधीन सूचना प्राप्त होने पर अभिकरण, नियम 5 के अधीन उपबंधित निरीक्षण और इस संबंध में जारी किए गए अनुदेशों के यदि कोई हो, आधार पर अपना यह समाधान हो जाने पर कि परेषण का उसे लागू मानक विनिर्देश के अनुसार प्रसंस्करण किया गया है और उसे पैक किया गया है यह घोषणा करते हुए, यथास्थिति, चार दिन या पन्द्रह दिन के भीतर प्रमाणपत्र जारी करेगा कि डिब्बा बंद मछली तथा मछली उत्पादों का परेषण निर्यात योग्य है।

परन्तु जहां अभिकरण का इस प्रकार समाधान नहीं होता है, वहां वह, यथास्थिति, 4 दिन या 15 दिन की उक्त अवधि के भीतर ऐसा प्रमाणपत्र जारी करने से इंकार कर देगा और ऐसे इंकार की संसूचना, उसके कारणों सहित, निर्यात-कर्ता को देगा।

6.4. उच्च निरीक्षण :

प्रमाणीकरण के पश्चात् अभिकरण को भंडार में, परिवहन में या पत्तन में के परेषण की क्वालिटी पुनः निर्धारित करने का अधिकार होगा यदि यह पाया जाता है कि परेषण इनमें से किसी भी प्रक्रम पर मानक विनिर्देशों के अनुरूप नहीं है तो मूलतः दिया गया प्रमाणपत्र वापस ले लिया जाएगा।

6.5 विधिमान्यता :

जारी किया गया प्रमाणपत्र लॉट के अनुमोदन की तारीख से 90 दिन के लिए विधि मान्य होगा। यदि भिन्न-भिन्न दिनों को अनुमोदित एक लॉट से अधिक लॉट एक आवेदन-पत्र में प्रस्तुत किए जाते है तो प्रमाण-पत्र की विधिमान्यता अनुमोदन की सबसे पहली तारीख से संगठित की जाएगी।

यदि परेषण प्रमाण-पत्र की विधिमान्यता की अवधि के भीतर जहाज पर लादा नहीं जाता है तो निर्यात कर्ता का परेषण पुनः विधिमान्यता के लिए प्रस्तुत करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा। इस प्रयोजन के लिए अधिसूचित दरों पर निरीक्षण फीस प्रभारित की जाएगी और परेषण का इन्द्रियग्राही निरीक्षण के लिए परिषद् द्वारा इस निमित्त विहित नमूना माप मान के अनुसार नमूने लेकर परीक्षण किया जाएगा। ऐसे मामलों में विधि मान्यता निरीक्षण की समाप्ति की तारीख से 30 दिन की और अवधि के लिए बढ़ा दी जाएगी। 6.5 में उल्लिखित विधि मान्यता की अवधि के भीतर पोत पर न लादे जाने वाले परेषण के लिए यदि आवश्यक समझा जाए, तो 15 दिन से अनधिक की अवधि के लिए विधि मान्यता की अवधि बढ़ाया जाना अभिकरण द्वारा मंजूर किया जा सकेगा।

7. निरीक्षण का स्थान :

इन नियमों के प्रयोजन के लिए डिब्बा बंद मछली तथा मछली उत्पादों का निरीक्षण प्रसंस्करणकर्ता के परिसर पर और/या निर्यात निरीक्षण अभिकरण की प्रयोगशाला में किया जाएगा। प्रसंस्करणकर्ता अभिकरण को, सभी आवश्यक सुविधाएं देगा ताकि वह ऐसा निरीक्षण कर सके।

8. निरीक्षण फीस

(i) जब निरीक्षण नियम 5(क) तथा (ग) के आधार पर किया जाता है तो प्रति किलोग्राम या उसके भाग के लिए आठ पैसे; और (ii) यदि निरीक्षण नियम 5(ख) के आधार पर किया जाता है तो प्रति किलोग्राम या उसके भाग के लिए 15 पैसे की दर से फीस निर्यातकर्ता द्वारा अभिकरण को निरीक्षण फीस के रूप में दी जाएगी।

9. अपील.

9.1 नियम 6 के अधीन निर्यात-योग्यता का प्रमाण-पत्र जारी करने से अभिकरण के इंकार करने से व्यथित कोई व्यक्ति उसके द्वारा ऐसे इंकार की सूचना प्राप्त होने के दस दिन के भीतर केन्द्रीय सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए नियुक्त विशेषज्ञों के पैनल को जिसमें कम से कम तीन किन्तु अधिक से अधिक सात व्यक्ति होंगे, अपील कर सकता है।

9.2. विशेषज्ञों के पैनल की कुल सदस्यता के कम से कम दो तिहाई सदस्य अशासकीय सदस्य होंगे।

9.3 पैनल की गणपूर्ति तीन से होगी।

9.4. अपील उसके प्राप्त होने से 15 दिन के भीतर निपटा दी जाएगी।

(क) लवण जल में या किसी अन्य अन्तर्राष्ट्रीय रूप से अनुमोदित माध्यम में या शुष्क पैक डिब्बा बंद झींगा मछली (शिम्प) के लिए विनिर्देश :

1. कच्ची सामग्री.

1.1. लवण जल में डिब्बा बंद झींगा मछली/शिम्प के तैयार करने के लिए प्रयोग की जाने वाली कच्ची सामग्री ताजी, निरोग, स्वास्थ्यप्रद, उचित रूप से साफ की गई और विकृति मुक्त होगी।

1.2. भा०मा० 594 1962 के अनुरूप केवल शुद्ध नमक का प्रयोग किया जाएगा।

2. डिब्बे :

2.1. सामग्री अन्दर से उपयुक्त और एकसमान लेकर किए गए डिब्बों में पैक की जाएगी। डिब्बों पर क्रेता तथा प्रसंस्करणकर्ता के बीच हुए करार के अधीन रहते हुए बाहर भी लेकर किया जा सकेगा। उसमें प्रयुक्त किया गया लेकर ऐसा होगा कि उसके डिब्बे में रखी अन्तर्वस्तु में कोई बाह्य अप्रिय स्वाद और गंध नहीं आए और वह प्रसंस्करण तथा भंडारकरण के दौरान उतरेगा नहीं। लेकर किसी भी सीमा तक लवणजल में विलयशील नहीं होगा। डिब्बे का बाहरी हिस्सा अड़े गड्ढों, जंग, छिद्रों और जोड़ों की विकृतियों से मुक्त होगा।

3. लवण जल :

3.1. यदि लवण जल का प्रयोग किया जाता है तो वह साफ होगा और विवर्णित नहीं होगा।

4. पैकिंग और लेबल लगाना.

4.1. एक डिब्बे में एक ही प्रकार की सामग्री पैक की जाएगी।

4.2. लेबल, यदि प्रयोग किए जाते हैं तो वे उसी देश के जहां सामग्री निर्यात की जाती है नियमों और विनियमों के अनुसार होंगे।

5. जलोत्सारित भार और आकार श्रेणी :

5.1. अन्तर्वस्तु का कुल जलोत्सारित भार घोषित भार से कम नहीं होगा।

5.2. आकार काउंट (प्रति एकक भार के टुकड़ों की संख्या) डिब्बे पर घोषित आकार श्रेणी के अनुसार होगा।

6. इन्द्रियग्राही क्वालिटी :

6.2. डिब्बे को खोलने पर अन्तर्वस्तु अच्छे रूप में होगी और कोई विशेष विघटन प्रदर्शित नहीं करेगी। टुकड़े जिनके भाग अलग हो जाते हैं उन्हें विघटित झींगा समझा जाएगा।

6.2 छूने पर झींगा मछली की सतह चिकनी नहीं प्रतीत होगी। मांस नरम किन्तु सुदृढ़ होगा तथा उंगलियों के बीच दबाए जाने पर टुकड़े-टुकड़े नहीं हो जाएगा।

6.3. झींगा मछली के टुकड़े परस्पर बंधे हुए प्रतीत नहीं होंगे और टुकड़ों को आसानी से अलग-अलग करना संभव होगा। टुकड़े एक ही आकार के होंगे और साफ होंगे तथा उसमें मांस के ढीले लटकते हुए टुकड़े नहीं होंगे।

6.4. सामग्री में ताजी पकाई हुई झींगा मछली के मांस का स्वाद और सुगंध होगी और वह सीखे/कड़वे या अन्य किसी आपत्तिजनक सुगंध से मुक्त होगी।

6.5 सामग्री, प्रसंस्करण पूर्व विकृति दर्शाने वाली हरापन लिए या पीले पुट वाले विरंजित वर्ण से मुक्त होगी। सामग्री काले रंग के विवर्ण से भी मुक्त होगी।

6.6. सामग्री रेत, धूल, कीटाणु, बाल, या अन्य किसी बाह्य पदार्थ से मुक्त होगी। यह शिरा, शेल कणों और उपांगों के टुकड़ों से मुक्त होगी।

6.7. सामग्री किसी विषैले और हानिकारक तत्वों से मुक्त होगी।

6.8. डिब्बों को खोलने पर कोई जीवाणु दूषण की गंध नहीं आएगी, अन्तर्वस्तु में द्रवणता और फूलापन प्रकट नहीं होगा।

6.9. उत्पाद निम्नलिखित अपेक्षाओं के भी अनुरूप होगा।

क्रम सं०	विशेषताएं	अपेक्षाएं	परीक्षण की पद्धति भा०मा० 2236 1968** में परिशिष्ट के संदर्भ में	भा०मा० 2168 1962* में परिशिष्ट के संदर्भ में
1	2	3	4	5
(i)	डिब्बे का निर्यात, न्यूनतम, मि०मी० में।	100	क	--
(ii)	डिब्बे का मुख मि०मी० में।	5.0 से 7.5	--	ख
(iii)	डिब्बे की अन्तर्वस्तु का जलोत्सारित भार, जैसे डिब्बे में पानी की क्षमता और भार की प्रतिशतता न्यूनतम।	64	ख	--
(iv)	लवण जल में सोडियम क्लोराइड, प्रतिशत (डब्ल्यू/वी) अधिकतम।	3.5	ग	--

1	2	3	4	5
(v)	लवण जल में साइट्रिक अम्ल जैसी अम्लता (निर्जल) प्रतिशत (डब्ल्यू/वी)	0.06 से 0.20	ख	--
(vi)	आर्सेनिक, प्रति दस लाख में टुकड़े अधिकतम।	1	--	ग
(vii)	सीसा, प्रति दस लाख मे टुकड़े, अधिकतम।	5	--	घ
(viii)	तांबा, प्रति दस लाख में टुकड़े, अधिकतम।	10	--	ङ
(ix)	जस्ता प्रति दस लाख में टुकड़े अधिकतम।	50	--	च
(x)	टिन, प्रति दस लाख मे टुकड़े, अधिकतम।	250	--	छ

* डिब्बे मे तेल में बन्द पामफिट के लिए विनिर्देश।

** डिब्बे में लवण जल में बन्द झींगा मछली/श्रिम्पों के लिए विनिर्देश (प्रथमा पुनरीक्षण)।

7 जीवाणु संबंधी अपेक्षाएं :

7.1 नमूना डिब्बो का प्रारम्भिक उष्मायन 37° सेंटीग्रेड पर सात दिन के लिए किया जाएगा। इस उष्मायन के पश्चात् तरल भाग की आवश्यक मात्रा नलिका द्वारा निकाल दिया जाता है और थियोग्लाइ-कोल्लेट सिस्टीन ब्रोथ में सरोपण और 48 घंटों के लिए 37° सेंटीग्रेड पर उष्मायित किया जाएगा। उष्मायित ब्रोथ में जीवाणु वृद्धि नहीं होगी।

8. संकेतन

8.1 डिब्बों पर आकार श्रेणी, जलोत्सारित भार, विनिर्माता का नाम या उसका कारखाना कोड, विनिर्माण का वर्ष, मास, बैच समुदभूत किए जाएंगे। संक्षिप्त रूप मे संकेन समुदभूत करने के लिए एक दृष्टान्त नीचे दिया गया है .

टी 5 ×

1 बी 05

टी 5 से जलोत्सारित भार 5 ग्रौस में पैक किया गया, टाइनी अभिप्रेत है। '×' से विनिर्माता का संक्षिप्त रूप में नाम या कारखाना कोड अभिप्रेत है, '1' से विनिर्माण का वर्ष अभिप्रेत है, और इस दृष्टांत मे, यह 1981 वर्ष सूचित करता है 'बी' से विनिर्माण का मास अभिप्रेत है (यहां यह फरवरी मास को सूचित करता है) और 05 से मास के दौरान विनिर्माण की तारीख अभिप्रेत है। यदि डिब्बाबंदी के लिए पी० यू० डी० सामग्री प्रयोग की जाती है तो आकार श्रेणी चिन्हाँकित करने से पहले 'यू' भार समुदभूत किया जाएगा। आकार श्रेणी और जलोत्सारित भार का द्योतन करने के प्रयोजन के लिए निम्नलिखित पद्धति का अनु-सरण किया जाएगा .

(क) आकार श्रेणी*

नाम	काउंट/100 ग्राम	संक्षेपाक्षर
कोलासल/सुप्रीम जम्बो	8 से कम	सी/एस जे
जम्बो	9 से 13	जे
बड़ा	14 से 22	एल
मध्यम	23 से 36	एम
छोटा	37 से 63	एस
टाइनी	64 से 102	टी
काकटेल/मिनी/सलाद	103 से ऊपर	सी टी/एम आई एस डी
टूटा हुआ/साबुत और टूटा हुआ	कोई सीमा नहीं	बी/डब्ल्यू बी

*जिस डिब्बे में कुल टुकड़ों की संख्या पर ध्यान दिये बिना, भार के आधार पर 10 प्रतिशत से अधिक टूटे हुए टुकड़े होंगे उसे 'टूटा हुआ' माना जाएगा। किसी भी टुकड़े मे 4 से कम खंड होने पर उसे टूटा हुआ माना जाएगा।

(ख) भार

4.5 ग्रौस वाले पैक को छोड़कर जो मानक पैक समझा जाता है, उस डिब्बों पर वास्तविक जलोत्सारित भार ग्रौस में समुदभुत किया जाएगा।

(ग) विनिर्माण का मास निम्न रूप मे अभिहित किया जाएगा, अर्थात्—

मास	संक्षेपाक्षर	मास	संक्षेपाक्षर
जनवरी	क	जुलाई	छ
फरवरी	ख	अगस्त	ज
मार्च	ग	सितम्बर	झ
अप्रैल	घ	अक्तूबर	ट
मई	ङ	नवम्बर	ठ
जून	च	दिसम्बर	ड

(ख) लवण जल में या किसी अन्य अन्तर्राष्ट्रीय रूप से अनुमोदित माध्यम में डिब्बा बन्द केकड़े के मांस के लिए विनिर्देश।

1. कच्ची सामग्री

